# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में माह सितम्बर-2025 की प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग मे जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को प्रथम रैंक प्राप्त हुआ।

◆जन शिकायतों के निस्तारण में माह सितम्बर -2025 की मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर के 15 थानों को प्रथम रैंक प्राप्त हुआ।

डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये गये है कि थाने पर उपस्थित पीड़ित/शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभयपक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। गौरतलब है कि शासन की व्यवस्था के अनुसार जनता द्वारा अपनी शिकायतों को जनशिकायत पोर्टल पर आनँलाइन दर्ज कराया जाता है,जिसका निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है। उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जॉच हेतु जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जॉच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है उल्लेखनीय है कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण मे वर्ष-2025 के माह सितम्बर की प्रदेश स्तरीय मासिक रैकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रथम रैंक प्राप्त हुआ तथा माह सितम्बर -2025 की मासिक रैंकिंग में जनपद के 15 थानों (थाना , शोहरतगढ, इटवा, बांसी, खेसरहा, जोगिया उदयपुर, डुमरियागंज, कपिलवस्तु, महिला थाना, गोल्हौरा, पथरा बाजार, शिवनगर डिडई, लोटन, मोहना, सिद्धार्थनगर, उसका बाजार) ने बेहतर कार्य करते हुये उक्त रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त किया।

**प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में शारदा इंटर कॉलेज की बच्चियों को जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, प्रवीण प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09/10/2025 को संतोष तिवारी प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक राज कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह, म0का0 उर्मिला देवी, कंचनलता सिंह द्वारा शारदा इंटर कॉलेज थाना शोहरतगढ में स्कूल तथा कॉलेज की बच्चियों को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में ग्राम करही मस्जिदिया में चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09/10/2025 को मनोज कुमार श्रीवास्तव निरीक्षक शिवनगर डिडई के निर्देशन में ग्राम करही मस्जिदिया थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओ को जागरूक किया गया तथा चौपाल में आंगनबाड़ी रूपादेवी, समूह सदस्य रेशमा, आशा, छोटी मुनि, शहीदुल निशा , विमला, गीता, संतोला गुड़िया विंद्रवती,आदि, लोग मौजूद, रहे। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरण-

1.मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 अयोध्या यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

3.महिला हेड कांस्टेबल नीलम शुक्ला थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

4.कांस्टेबल गुड्डू यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में ग्राम भीटिया व कस्बा जोगिया में चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.10.2025 को थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक रोहिनी यादव थानाध्यक्ष मीरा चौहान के निर्देशन में उप निरीक्षक कपिल मुनि यादव, आनंद शाही, का० प्रदीप उपाध्याय, म0का0 सुशीला द्वारा फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम भीटिया व कस्बा जोगिया में चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया. यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में ग्राम पंचायत मधुबनी में चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09/10/2025 को रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना के निर्देशन में उप निरीक्षक जयमाल यादव, महिला आरक्षी सारिका सिंह द्वारा ग्राम पंचायत मधुबनी में ग्राम प्रधान, सिक्रेट्री, आशा बहू, आँगनवाड़ी की उपस्थिति में पंचायत भवन में गाव की महिलाओं और बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।**

प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में कंपोजिट विद्यालय लखनपारा के बच्चों को जागरुक किया गया।

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09/10/2025 को भाग्यवती पांडे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा कंपोजिट विद्यालय लखनपारा के छात्र-छात्राओं को सशक्त किया गया तथा गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 09.10.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 03 मारपीट, 03 भूमि विवाद व 08 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना मोहाना के ककरहवा एसएसबी कैम्प पर बैठक किया गया।**

**◆भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण/पैदल गश्त किया गया तथा नेपाल प्रहरी के साथ वार्ता की गयी।**

**◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 09.10.2025 को आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना मोहाना के ककरहवा एसएसबी कैम्प पर एसएसबी के साथ बैठक की गयी तथा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण व पैदल गश्त किया गया तथा सम्बन्धित को कड़ी निगरानी/ सतर्कता बनाये रखने के सम्बन्ध मे निर्देश दिया गया और नेपाल प्रहरी व एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। इस दौरान विश्वजीत सौरयान IPS क्षेत्राधिकारी सदर, रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना तथा पुलिस व एसएसबी के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।**

**प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल सिद्धार्थनगर व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम से संबन्धित एक अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अभियान “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के तहत आज दिनांक 09.10.2025 को वाद संख्या-972/1992, मु0अ0सं0-159/1991 धारा 25/4 आयुध अधिनियम थाना डुमरियागंज में जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश सी0जे0एम0 जनपद सिद्धार्थनगर श्री अनुभव कटियार द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अनवर उर्फ पापा पुत्र सिद्धिक शाह निवासी मैथोलिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर को आयुध अधि0 की धारा 25/4 के अन्तर्गत जेल में बितायी गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, श्री जयहिन्द त्रिपाठी एसपीओ, आरक्षी राजू यादव न्यायालय पैरोकार थाना डुमरियागंज का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी डुमरियांगज द्वारा थाना क्षेत्र डुमरियागंज के श्री गुरु नानक एकेडमी डुमरियागंज एंव डुमरियागंज के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09/10/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज तथा थाना डुमरियागंज की मिशन शक्ति टीम के साथ मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत थाना क्षेत्र डुमरियागंज के श्री गुरु नानक एकेडमी डुमरियागंज एंव डुमरियागंज के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन1098, चाइल्ड हेल्पलाइन, 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम-

1.म0उ0नि0 मीरा वर्मा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 विरेंद्र कुमार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
3.उ0नि0 अकरम खान थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
4.का0 इंद्रदीप शर्मा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
5.म0का0 दुर्गावती कुशवाहा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
6.म0का0 रेनू थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी बासी द्वारा थाना खेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ मरवटिया पंचायत भवन में महिलाओ/ स्कूल की छात्राओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में चौपाल लगाकर पम्पलेट वितरित करते हुए जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी की उपस्थिति में आज दिनांक 09.10.2025 को अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा थाना खेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मरवटिया पंचायत भवन में ग्राम प्रधान ,एन एम, आशा बहू, की उपस्थिति में गांव की महिलाओं और जय नारायन पब्लिक स्कूल मरवटिया की बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और स्वास्थ्य/एम्बुलेंस सेवा 102/108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या समस्या के समय वे बिना किसी झिझक के इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण बाते बताई गयी, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। महिलाओ को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निर्भीक होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**प्रेस नोट दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत खुनुवां बार्डर पर एसएसबी व थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 09.10.2025 को क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत खुनुवां बार्डर पर एसएसबी व थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ चेकिंग किया गया तथा सुरक्षा के दृष्टिगत आपसी सहयोग व समन्वय हेतु एसएसबी के साथ वार्ता की गयी। इस दौरान थाना शोहरतगढ़ व एसएसबी के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.10.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र बांसी मे तिलकराम राम इण्टर कालेज, सरदार पटेल स्कूल, मिठवल, सोनखार, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर

02.महिला मुख्य आरक्षी सुनीता एण्टी रोमियो स्क्वायड

03. महिला आरक्षी मंजू एंटी रोमियो स्क्वायड

04. आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड

05. मुख्य आरक्षी कंचन सिंह एंटी रोमियो स्क्वायड

**प्रेस नोट- दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 09.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**